तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 7 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने की जशक्राफ्ट की सराहना


## खबर संक्षेप

### प्रीति ने अस्सिस्टेंट प्रोफेसर साथ ही पीएचडी के लिए किया क्वालीफाई

**अम्बिकापुर।** शहर के सुश्री प्रीति रवि आ.राजदेव रवि ने एनटीए



यूजीसी नेट परीक्षा में 93.71 प्रतिशत अंक के साथ अस्सिस्टेंट प्रोफेसर साथ ही पीएचडी के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है । बता दे कि यह परीक्षा नेशनल टेस्ट एजेंसी द्वारा आयोजित की जाती है जो कि जे ई ई तथा नीट जैसे बड़े एग्जाम कंडक्ट कराती है। प्रीति ने कंप्यूटर साइंस एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय से इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। प्रीति के पिता राजदेव रवि शहर के ही स्कूल रोड में एक छोटी सी सिलाई की गुमटी चला कर अपने बच्चों की शिक्षा एवं घर का खर्च वहन करते है। प्रीति ने बताया उसे प्रेरणा उनके पिता से मिलती है, उनके मेहनत एवं परिश्रम को देख कर खुद को प्रेरित करती है, साथ ही अपने गुरुजनों को श्रेय दिया जिन्होंने उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया है।

### गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार



**राजपुर।** अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध चलाए गए अभियान में पुलिस ने सफलता हासिल की है। बरियों पुलिस ने 1.10 केजी गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि 4 फरवरी को बरियों पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी एक युवक अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री के लिए बरियो, राजपुर शंकरगढ़ क्षेत्र की ओर आने वाला है। सूचना के के बाद बरियों चौकी, राजपुर व शंकरगढ़ पुलिस के साथ ही साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान ग्राम बघिमा में एक युवक के गांजा से भरा बैग लेकर ग्राहक का इन्तजार करने की जानकारी मिली जिसके बाद पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से 1.10 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान शुरुआत में आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया और अपना नाम बतौली निवासी उमेश यादव बताया लेकिन कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपी की पहचान सूरजपुर जिले के प्रतापपुर कोटया निवासी 40 वर्षीय उमेश कुमार गुप्ता आ. भोला प्रसाद गुप्ता के रूप में की गई। आरोपी ने गांजा लाकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंजतार करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से बिना नंबर की होंडा शाइन बाइक, गांजा व 22 हजार रुपए नगदी, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रोनिक तराजू जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 20 (बी) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजपुर, उनि सुबल सिंह, प्रधान आर राजेंद्र ध्रुव, विजय गुप्ता, आरक्षक रूपेश गुप्ता, शंकर दयाल, अजय टोप्पो, सुबोध सहित अन्य सक्रिय रहे।

### दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत, 5 लोग हुए घायल



**रामानुजगंज।** पलटन घाट के समीप गुरुवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब घाट समीप मोड़ पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार सवार 5 लोग घायल हो गए। इधर घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को 100 बिस्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मीड़िया कर्मी नवीन तिवारी (49 वर्ष) पत्नी मधु तिवारी (44 वर्ष) के साथ बनारस से इलाज कराकर वापस लौट रहे थे।

क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, शामिल हुईं सीएम की धर्मपत्नी साय

# जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे स्व. ओमप्रकाश: कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगिया में आयोजित स्वर्गीय ओमप्रकाश साय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-2 का भव्य एवं गरिमामय समापन गुरुवार को किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा स्वर्गीय ओमप्रकाश साय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूरे परिसर में भावनात्मक माहौल देखने को मिला और उपस्थित जनसमूह ने स्वर्गीय साय के सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय उपस्थित रहीं। उन्होंने स्व. ओमप्रकाश साय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश साय समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में क्षेत्र के विकास और लोगों की भलाई के लिए निरंतर कार्य किया, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की स्मृति में आयोजित खेल प्रतियोगिता युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ समाज को एकता और भाईचारे का संदेश भी देती है।



**विजेताओं को पुरस्कार:** बल्लेबाजी करने उतरी बंदरचूआ की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 86 रन का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पगुराबहार की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की।प्रतियोगिता में विजेता टीम पगुराबहार को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम बंदरचूआ को 21 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में सरपंच राजकुमारी साय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद चौधरी, जिला पंचायत सदस्य हीरामति पैंकरा, मंडल अध्यक्ष रवि यादव, जनपद सदस्य सरोज यादव, रामविलास राम, समिति सदस्य रामनारायण राम, अजीत साय, अवधेश साय, परमेश्वर साय, किशोर साय, राजेंद्र राम, विनोद साय, प्रवीण साय सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिला और प्रतियोगिता ने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

### संघर्ष एवं टीम भावना सिखाने का माध्यम

श्रीमती कौशल्या साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना सिखाने का सशक्त जरिया है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने गांव, क्षेत्र एवं राज्य का नाम रोशन करें।

### ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए शसक्त मंच

उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। फाइनल मुकाबला पगुराबहार और बंदरचूआ टीम के बीच खेला गया, जिसमें पगुराबहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बंदरचूआ को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पगुराबहार ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया।

# बाल विवाह सामाजिक कुरीति इससे निजात जरूरी: प्रियंवदा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बाल विवाह ना सिर्फ एक कानूनी अपराध है बल्कि यह एक ऐसी सामाजिक कुरीति है जो बालिकाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है। इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिए हम सबको एकजुट हो कर काम करना होगा।

राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने उक्त बातें कही। वे अपने कार्यालय में बाल विवाह मुक्ति रथ के साथ काम कर रहे समर्पित संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर रही थी। संस्था की अंजली ताम्रकार ने जूदेव को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस रथ को गुरूवार को बगिया स्थित कैंप कार्यालय में झंडी दिखा कर रवाना किया है। यह रथ जिले के आठों ब्लाक में घूम कर लोगों बाल विवाह के विरूद्ध जागरूकता का संदेश देगा।

### कार्यक्रम का उद्देश्य जशपुर को बालविवाह मुक्त जिला बनाना

उन्होनें बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से चल रहे इस विशेष कार्यक्रम का लक्ष्य जशपुर को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है। प्रियवंदा सिंह जूदेव ने अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि बालिका और महिला सुरक्षा केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। कम उम्र में विवाह होने से बालिकाओं को घोर शारीरिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बालिकाओं के अशिक्षित होने से समाज पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए बालविवाह को सख्ती के साथ रोकना जरूरी है। इसके लिए कानूनी कार्रवाई के साथ जागरूकता भी आवश्यक है। बाल विवाह से होने वाले नुकसान की जानकारी होने पर लोग स्वयं इससे दूर हो जाएंगे। और यही हमारी सफलता होगी।

# मनरेगा बचाओ संग्राम: कांग्रेसजन ने कलेक्टोरेट तक किया मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ पुलिस ने की बैरिकेडिंग, झूमाझटकी के बाद कुछ देर रहा तनाव

मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी जशपुर के आह्वान पर रणजीता स्टेडियम के पास विशाल जनसभा आयोजित की गई। किसान, मजदूर, महिलाएं और युवाओं की भारी मौजूदगी से मैदान खचाखच भर गया। सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय की ओर उग्र मार्च किया।

कलेक्टोरेट के समीप पुलिस की सख्त बैरिकेडिंग पर युवा कांग्रेस



कार्यकर्ताओं की झूमाझटकी हुई, जिससे कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हालात बने। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सह-प्रभारी जरिता लेतफलांग ने कहा कि भाजपा शासन में जनकल्याणकारी योजनाओं को योजनाबद्ध ढंग से कमजोर किया जा रहा है। गांवों में रोजगार घटा है और गरीब परिवारों की आजीविका संकट में है। प्रदेश समन्वयक एवं विधायक उमेश पटेल ने कहा कि जब तक हर हाथ को काम और हर काम का पूरा दाम नहीं मिलेगा, कांग्रेस का आंदोलन नहीं थमेगा। जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि पहले धान खरीदी में किसानों को धोखा दिया गया और अब मनरेगा के नियम बदलकर गांव के गरीबों से रोजगार छीना जा रहा है। पूर्व विधायक विनय भगत ने धान खरीदी को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह आंदोलन हो रहा है और पार्टी किसान मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कार्यक्रम में यूडी मिंज जिला अध्यक्ष, जशपुर, अनुप फिलिप, आरती सिंह, जशपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर सतीश गुप्ता, ग्रामीण अध्यक्ष अमित महतो, सहस्त्रांशु पाठक, अनोज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, मनोरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष परमेश्वर भगत, चांद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला कार्यालय की कार्य व्यवस्था बनाए रखने निषेधाज्ञा लागू

■ कलेक्टर ने धारा 163 के तहत जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**जशपुरनगर।** जिला कार्यालय जशपुर में बिना पूर्व सूचना विभिन्न समूहों के अचानक प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने अथवा भीड़ के रूप में पहुंचने से नियमित शासकीय कार्य प्रभावित होने तथा आम नागरिकों को असुविधा होने की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रोहित व्यास ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहितादृ2023 की धारा 163 (पूर्व में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144) के अंतर्गत जिला कार्यालय जशपुर एवं उसके 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के घातक शस्त्र जैसे बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी अथवा अन्य हथियार एवं विस्फोटक सामग्री लेकर नहीं चलेगा। इसके साथ ही किसी भी प्रकार का जुलूस निकालना, आपत्तिजनक नारे लगाना, पोस्टर वितरित करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### धरना, आमसभा और ध्वनि विस्तारक पर रोक

निषेधाज्ञा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्र करने, धरना देने, नारेबाजी करने, आमसभा या जुलूस आयोजित करने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है, ताकि शासकीय कार्यों में बाधा न पहुंचे।

### ज्ञापन हेतु पूर्व अनुमति अनिवार्य

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति या समूह को ज्ञापन सौंपने अथवा अन्य कारणों से जिला कार्यालय परिसर में प्रवेश करने के लिए न्यूनतम दो दिवस पूर्व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी जशपुर को विधिवत लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा। लिखित अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही संबंधित व्यक्ति अथवा समूह को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। यह आदेश शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु शस्त्र अथवा लाठी रखना आवश्यक है। साथ ही कानून-व्यवस्था के लिए नियुक्त पुलिस अधिकारियों तथा शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था या दिव्यांगता के कारण लाठी रखने वाले व्यक्तियों को भी इस आदेश से छूट दी गई है।

# तिरसोठ में लगा सुशासन शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

ग्राम पंचायत तिरसोठ में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रोशन सिंह की उपस्थिति में लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस मौके पर तिरसोट के सरपंच, समस्त पंच, जनपद सीईओ केके श्रीवास एवं अन्य उपस्थित रहे। शिविर में प्रधानमंत्री आवास जल्दी बनाने वाले हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देकर उत्साह बढ़ाया गया। शिविर में 6 लोगों का आधार कार्ड बनाया गया। अन्य सभी विभागों का स्टाल लगाकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

# श्रीकृष्ण की लीलाएं कथा नहीं जीवन जीने की कला

■ भक्त प्रहलाद की कथा मानव जीवन को सत्य और भक्ति के मार्ग की प्रेरणा

**जशपुरनगर।** शहर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन भी श्रीहरि कीर्तन भवन में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने अपने मधुर वाणी और संगीतमय शैली में भक्त प्रह्लाद की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा मानव जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं केवल कथा नहीं बल्कि जीवन जीने की कला हैं, जो मनुष्य को अहंकार, लोभ और मोह से दूर करती हैं। कथा के दौरान संगीतमय भजनों और कीर्तन से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। आचार्य के भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिनकी भक्ति और आस्था देखते ही बन रही थी।



**कथा के बाद प्रसाद वितरण:** दूसरे दिन की कथा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उल्लेखनीय है कि यह सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 11 फरवरी तक प्रतिदिन श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए: चटर्जी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने की मांग मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री से किया है। फेडरेशन ने मुख्य रूप से अनुभवी शिक्षकों की कमी को पूरा करने,शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और यूजीसी के नियमों के अनुरूप समानता लाने यह मांग किया है। फेडरेशन का कहना है कि यदि यह निर्णय लिया जाता है तो इससे अनुभवी शिक्षकों के ज्ञान का लाभ एलिमेंटरी एजूकेशन, माध्यमिक शिक्षा सहित हाई, हायर सेकंडरी शिक्षा व्यवस्था को लंबे समय तक मिलेगा। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने से अनुभवी विषय शिक्षकों की कमी को पूरा करने सहायक होगा। राज्य के स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में



शिक्षकों के रिक्त पदों की कमी को अनुभवी शिक्षकों की सेवानिवृत्ति अवधि बढ़ाकर दूर किया जा सकता है। साथ ही,वरिष्ठ शिक्षकों के दशकों के अनुभव और रचनात्मकता का लाभ विद्यार्थियों को लंबे समय तक मिलेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और यूजीसी के द्वारा कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित किया गया है। जिसे स्कूल शिक्षा विभाग में भी लागू करने की आवश्यकता है।

रक्त-तिलक कर कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन, भावुक हुआ महाराजा चौक

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जशपुर पहुंचे जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ दिलीप सिंह जूदेव व राजा विजय भूषण सिंह को दी श्रद्धांजलि

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव का जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जशपुर आगमन सिर्फ एक औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि युवा शक्ति के जोश और संगठन के समर्पण का जीवंत प्रदर्शन बन गया। शहर की सीमाओं में प्रवेश करते ही भाजयुमो व भाजपा कार्यकर्ताओं का विशाल काफिला उनके साथ जुड़ गया।

ढोल-नगाड़ों की थाप, गगनभेदी नारों और पुष्पवर्षा के बीच पूरा जशपुर भगवामय माहौल में डूबा नजर आया। जशपुर पहुंचने पर विजय आदित्य सिंह जूदेव ने सबसे



पहले स्व. दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे महाराजा चौक पहुंचे, जहां राजा विजय भूषण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। महाराजा चौक पर स्वागत उस समय ऐतिहासिक और भावुक क्षण में बदल गया, जब एक युवा कार्यकर्ता ने परंपरागत ढंग से अपने रक्त से तिलक कर जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। यह दृश्य देखते ही पूरे चौक में नारों की गूंज तेज हो गई। रक्त-तिलक को संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा और त्याग का प्रतीक माना गया। मौजूद कार्यकर्ताओं ने इसे युवा शक्ति की प्रतिबद्धता का संदेश बताया।

### युवा ही संगठन और राष्ट्र की असली ताकत

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि युवा ही संगठन और राष्ट्र की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, वह उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जवाबदेही भी है। उन्होंने रक्त-तिलक जैसे समर्पण भाव से अभिभूत होते हुए कहा कि यही जज्बा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

### भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी रहे शामिल

कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे आयोजन में ऊर्जा, एकजुटता और संगठन की ताकत साफ तौर पर दिखाई दी।

# मत्स्य बीज संचयन से स्वरोजगार और पोषण को मिलेगा बढ़ावा

**जशपुरनगर।** मछली पालन विभाग, जशपुर द्वारा नदी एवं एनीकट्स के माध्यम से मछली पालन करने वाली समितियों एवं समूहों के सदस्यों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से जिले के विभिन्न एनीकट्स में मत्स्य बीज फिंगरलिंग का संचयन कराया गया।



इस पहल से स्थानीय मछुआ किसानों को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा मछली के सेवन से पोषण स्तर में भी सुधार आएगा। जिले की इस अंतर्गत किलकिला एनीकट, विकासखंड पत्थलगांव, मैनी एनीकट विकासखंड कांसाबेल, डुमरटोली एवं सुरजुला एनीकट विकासखंड मनोरा, कोकिया (तुमला) एनीकट विकासखंड फरसाबहार, साहीडांड़ एनीकट विकासखंड बगीचा तथा हल्दीमुण्डा एनीकट विकासखंड कुनकुरी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मत्स्य बीज का संचयन किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम जेके पैंकरा, सहायक संचालक मछली पालन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप


### साई कॉलेज में हुई सलाद प्रतियोगिता

**अम्बिकापुर।** साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सलाद प्रतियोगिता ग्रीन सलाद और फ्रूट सलाद दो वर्गों में आयोजित की गई।



प्रतियोगिता में हिन्दुस्तान की विरासत और आध्यात्म दर्शन एक साथ नजर आया। एक ओर फलो से जहां विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति चेतनता दिखी तो दूसरी ओर आजादी के लिए शहीदों का शौर्य, बलिदान को दिखाया गया। खरगोश, हाथी से वन्यजीवों की महत्ता दिखी तो भगवान गणेश, सेंटाक्लॉज से हमारे जीवन दर्शन को उकेरा गया। ग्रीन सलाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शानू तिर्की, द्वितीय मिनल सिंह, रेशमा बार, दीप्ति यादव, रागिनी तिवारी, प्रवलीन कौर, अन्वेषा प्रियल, संजना, तृतीय स्थान पर तनिष्का सिन्हा, एकता रानी साहू, अंजली पाण्डेय, तृप्ति साहू, अनुषा सिंह रहे। फ्रूट सलाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शानू रानी तिर्की, द्वितीय स्थान पर मिनल सिंह, रागिनी तिवारी तथा तीसरे स्थान पर तनिष्का सिंह, अदिति गुप्ता, संजना तथा संजीवनी रही। प्रतियोगिता के निर्णायकों में ममता तिवारी और विनोद तिर्की शामिल थे। प्रतियोगिता का संयोजन क्रिएटिविटी क्लब प्रभारी डॉ.वंदना पाण्डेय, विभा तिवारी, निशा सिंह, साक्षी गोयल रही।

### मैनपाट महोत्सव हेतु एसईसीएल ने दिया 20 लाख रुपए का चेक



**बिश्रामपुर।** सरगुजा अंचल के सामाजिक,सांस्कृतिक एवं पर्यटन विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मैनपाट महोत्सव के आयोजन हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की ओर से 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई,यह राशि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ.संजय कुमार सिंह द्वारा चेक के माध्यम से सरगुजा जिले के ज़िलाधिकारी अजीत बसंत को सौंपी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि एसईसीएल अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है,मैनपाट महोत्सव न केवल आदिवासी संस्कृति,लोककला और परंपराओं को मंच प्रदान करता है,बल्कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।
उन्होंने बताया कि मैनपाट महोत्सव के माध्यम से सरगुजा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोकनृत्य, लोकसंगीत, हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है।इस दौरान महाप्रबंधक के साथ एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण उपस्थित थे।

### बानी मुखर्जी महिला सशक्तिकरण के लिए हुई सम्मानित




**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 24 जनवरी को महत्वाकांक्षी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत केंद्रीय जेल की कल्याण अधिकारी श्रीमती बानी मुखर्जी को महिला बाल विकास विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में शिक्षा, बाल विवाह, कुपोषण, महिला जागरूकता स्वस्थ, कुप्रथाओं को रोकने महिलाओं के कौशल विकास के द्वारा उन्हें आर्थिक रूप से स्वरोजगार और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में किए गए बेहतर कार्यों के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कल्याण अधिकारी श्रीमती मुखर्जी महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही हैं।

### हिमांशी ने यूजीसी नेट परीक्षा में प्राप्त किया 97 प्रतिशत अंक

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी



सुनील गुप्ता की सुपुत्री हिमांशी गुप्ता ने यूजीसी नेट परीक्षा में 97 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्किल रामानुजन द्वारा हिमांशी गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उन्हें साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने हिमांशी की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भौतिक सत्यापन के बाद ही खरीदी होने की सूचना पर लौटे किसान

# धान खरीदी की तिथि बढ़ते ही समितियों में उमड़ी किसानों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

शासन द्वरा धान खरीदी का समय समाप्त होने के बाद खरीदी तिथि में दो दिन की वृद्धि करने की सूचना पर गुरूवार को बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर सहकारी समितियों में पहुंचे। इस दौरान अपनी उपज का भौतिक सत्यापन उपरांत पहुंचे किसानों को टोकन जारी करने के साथ ही उनकी उपज खरीदी गई। अन्य किसानों को सत्यापन कराने के बाद शुक्रवार को अपनी उपज लाने की सलाह दी गई।

शासन द्वारा धान खरीदी के लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई थी। 31 जनवरी को शनिवार की छुट्टी होने के कारण 30 जनवरी तक ही धान की खरीदी हुई। धान खरीदी की तिथि समाप्त होने के बावजूद बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज को नहीं बेच पाए थे। अंतिम समय में कुछ किसान भौतिक सत्यापन के अभाव में टोकन हासिल नहीं कर सके थे जबकि बड़ी संख्या में किसान रकबे में आई गड़बड़ी को सुधरवाने तहसील एवं समिति का चक्कर लगा रहे थे। खरीदी तिथि समाप्त होने के बाद ऐसे किसान अपनी उपज के विक्रय को लेकर काफी परेशान थे तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। शासन द्वारा 5 फरवरी एवं 6 फरवरी को बचे किसानों का धान खरीदने की सूचना पर किसान काफी उत्साहित दिखे।

सुबह खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर समिति में पहुंच गए थे। उपार्जन केन्द्र के खुलते ही पहले अपने-अपने धान की तौल कराने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिए। इस दौरान समिति के कर्मचारियों ने राजस्व कर्मचारियों द्वारा शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन कराने वाले किसानों का धान खरीदने की जानकारी दी तथा बिना सत्यापन कराए अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों को पहले भौतिक सत्यापन कराने की सलाह देकर वापस घर लौटा दिया। बड़ी संख्या में किसानों के वापस घर लौटने के बावजूद उपार्जन केन्द्रों में किसानों का मजमा लगा रहा।

### 11 उपार्जन केन्द्र में हुई धान की खरीदी



### खरीदा गया 795 किसानों का धान

गुरूवार को सरगुजा के 11 उपार्जन केन्द्रों में अपनी उपज का सत्यापन कराने वाले 795 किसानों का धान खरीदा गया। सरगुजा के कुल 859 किसानों ने अपनी उपज बेचने के लिए टोकन हासिल करने आवेदन किया था। शासन द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के अधिकारियों ने किसानों के आवेदन अनुसार उनकी फसल का भौतिक सत्यापन किया। भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार सभी किसानों को टोकन जारी करने के साथ ही उनके उपज की खरीदी की गई। टोकन के लिए उपार्जन केंद्र गेरसा के सर्वाधिक 151, प्रतापगढ़ के 120 बरगीडीह के 110, कमलेश्वरपुर के 86, नर्मदापुर के 71 किसानों सहित अलग-अलग 11 उपार्जन केन्द्रों के कुल 852 किसानों ने टोकन के लिए आवेदन किया था। प्रशासनिक टीमों द्वारा कुल 795 किसानों की उपज का सत्यापन पूरा कर लिया गया था जबकि शेष बचे 57 किसानों की उपज का सत्यापन करने गुरूवार का दिन निर्धारित किया गया है। सत्यापन के लिए बचे किसानों में गेरसा के 19, कमलेश्वरपुर के 15 जबकि अन्य उपार्जन केन्द्रों के 2-4 किसान शेष बचे है।

#### ये शर्तें थी निर्धारित

धान खरीदी के अंतिम दौर में कोचिए अपने धान को खपाने में पूरी ताकत लगा देते हैं। कोचियों से बचने शासन ने 10 जनवरी के उपरांत टोकन के लिए आवेदन करने एवं सत्यापन के अभाव में अपनी उपज नहीं बेच पाने एवं 10 जनवरी के उपरांत आवेदन करने वाले ऐसे किसान जो भौतिक सत्यापन कराने के बावजूद अपना धान नहीं बेच सके थे उनकी उपज खरीदने का निर्देश जारी किया था। खरीदी के अंतिम दौर में 28,29 एवं 30 जनवरी को टोकन लेने के बावजूद धान बेचने से वंचित किसानों का भी धान खरीदने शासन द्वारा निर्देशित किया गया।

#### निर्देशानुसार खरीदी

उपार्जन केन्द्रों द्वारा शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन के उपरांत ही किसानों का धान खरीदा जा रहा है। शुक्रवार को भी उपार्जन केंद्रों द्वारा किसानों का धान खरीदा जाएगा।

पीसी गुप्ता
नोडल अधिकारी, को-ऑपरेटिव बैंक

## अशांत वायुमंडल के कारण पड़ती है अध्यात्म की जरूरत



**अंबिकापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 90 वीं शिव जयंती के उपलक्ष्य में बलरामपुर सीईओ नयनतारा, अंबिकापुर सीईओ विनय अग्रवाल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राकेश बघेल, आर्ट ऑफ लिविंग के संचालक अजय तिवारी एवं ब्रह्माकुमारी संचालिका अंबिकापुर की बीके विद्या दीदी, ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात केक कटिंग कर 90वीं शिव जयंती दिवस मनाया गया।

सीईओ नयनतारा ने कहा कि कलयुग में अशांत वायुमंडल होने के कारण हमें अध्यात्म की जरूरत पड़ती है जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन और एक्सरसाइज की जरूरत होती है उसी प्रकार आत्मा का भोजन और एक्सरसाइज अध्यात्म से होती है जिससे हमारी चेतना जागरूक हो सही निर्णय करने में एवं हर कार्य में सफलता दिलाने में मदद करती है। सीईओ विनय अग्रवाल ने अपने अनुभव के साथ कहा की सेंटर में जुड़ने से सहजता का अनुभव होता है सेंटर द्वारा दी जा रही सेवाओं से शांति, संतुष्टता आती है जो यह संस्था का कार्य बहुत अच्छा है। राकेश बघेल ने बताया कि योग, तपस्या, धारणा के कारण हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों को सहज निभा पाता हूं। अजय तिवारी ने कहा कि अध्यात्म आत्मा का भोजन है यह संस्था बाह्य से अंतर्मुखी की तरफ ले जाना सिखाती है। इस दौरान बीके विद्या दीदी ने शिव अवतरण दिवस को स्पष्ट करते हुए बताया कि शिवरात्रि एक ऐसा पर्व है जिसमें रात्रि शब्द जुड़ा हुआ है शिवरात्रि अर्थात यह सृष्टि पर मनुष्य अज्ञानता रूपी अंधकार के कारण विकारों में गिर जाते हैं तब निराकार परमात्मा शिव स्वयं इस धरा पर आकर आत्म ज्योति में ज्ञान घृत डालकर हमारे अंदर के बुराइयों को समाप्त कर विकारों पर जीत पाना सीखाते हैं। इस दिन उपवास रखा जाता है उप माना निकट- वास अर्थात परमात्मा के समीप रहना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है।

## रजत जयंती पर नियमित भुगतान करने वाले विद्युत उपभोक्ता सम्मानित




हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रजत जयंती वर्ष पर वितरण केन्द्र सरगवां, लटोरी, राजापुर, दरिमा, कुन्नी, धौरपुर, अम्बिकापुर, लखनपुर, लुण्ड्रा, लमगांव, पेटला एवं सीतापुर में समारोह आयोजित कर ग्रामीणों को विभाग की योजना से अवगत कराया गया। शासन स्तर पर संचालित कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को सम्मानित करने के साथ ही विभाग की पी.एम. कुसुम योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। समारोह में विद्यासागर चौधरी, भाजपा महामंत्री निशांत गुप्ता, जिपं अध्यक्ष श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र पाठक, नपं अध्यक्ष दिनेश साहू, जिपं सदस्य श्रीमती निरूपा सिंह, श्रीमती रतनी नाग, श्रीमती रैयनिया करियाम, शिव भरोस बेक, विजय व्यापारी, धर्मेन्द्र कुमार झारिया, प्रदीप सोनी, संजय राजवाड़े के आतिथ्य में विभाग द्वारा नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पीएम सूर्यघर योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान नियमित बिल भुगतान करने वाले बीपीएल श्रेणी, घरेलू, कृषक जीवन ज्योति एवं पीएम सूर्यघर योजना के 5-5 उपभोक्ताओं में से पांच लाभार्थी को लक्की ड्रा के माध्यम से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## उत्तराखंड राज्य की टीम ने जीती स्व. इंदिरा गांधी अभा फुटबॉल प्रतियोगिता

**बिश्रामपुर।** कंदरई गांव में इस तरह का अखिल भारतीय स्तर का फुटबॉल प्रतियोगिता कराया जाना निश्चित ही एक बड़ी उपलब्धि है। यहां के खिलाड़ियों को भी इस आयोजन से एक बेहतर मंच मिलता है। खेल का जीवन में अपना एक अलग ही महत्व होता है। उक्त बातें श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद ने बुधवार को ग्राम कंदरई के एकता स्टेडियम में आयोजित स्व.इंदिरा गांधी अभा फुटबाल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य आतिथ्य की आसंदी से व्यक्त करते हुए कही,उन्होंने कहा कि फुटबॉल ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी इलाकों का लोकप्रिय खेल बन चुका है,युवाओं को नशे से दूर रखने भी ऐसे आयोजनों से बड़ी उपलब्धि मिलती है।

- **फाइनल मैच के पेनाल्टी शूट आउट गेम में छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट की टीम को 2-0 गोल के अंतर से हराया**



यहां पर दोनों ही टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया है,कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद समेत अन्य अतिथियों क्रमशः जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव,चन्दन सिंह,जनपद सदस्य अनिता सुरेश सिरदार,सरपंच क्रमशः कौशल्या,विमला सिंह, मनोज सिरदार, भंवर लाल, माखन जायसवाल, रूपदास महंत, राम बहादुर लांबा, अशोक मिश्रा, वेद प्रकाश मिश्र, निर्मल साहू, शमीम पलिहा, राजेंद्र गवाटिया, रूपनारायण राजवाड़े, अरविंद सिंह, चुनेश्वर सिंह का स्वागत किया गया,इसके पश्चात अतिथियों द्वारा फाइनल मैच खेलने वाले उत्तराखंड व फॉरेस्ट छत्तीसगढ़ की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुरुआत कराया,यहां पर कड़े रोमांचक मुकाबले में उत्तराखंड टीम ने लगातार दूसरे वर्ष भी पेनाल्टी शूट में 2-1 गोल से विजेता का खिताब हासिल किया,अतिथियों के हाथों विजेता उत्तराखंड टीम को 51 हजार रुपए नगद समेत ट्राफी एवं उपविजेता छत्तीसगढ़ फारेस्ट टीम को 31 हजार रुपए नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मैन ऑफ द मैच व मैंन ऑफ द सीरीज जैसे अन्य पुरस्कारों का भी वितरण कर सम्मान किया गया।गौरतलब है कि स्पर्धा में 14 टीमों ने हिस्सा लिया था,आयोजन को सफल बनाने में महेंद्र सिरदार, राजेंद्र कुमार सिरदार,संदीप सिंह,पारस राजवाड़े,संजय प्रताप सिंह,संतोष कुमार,सुरेश कुमार,कामेश थापा, हरिओम,मुकेश जांगड़े,उपसरपंच कौशल राम, वीरचंद सिरदार,नरेंद्र कुमार,हिमांचल सिंह, विनय कुमार,देवगुन राम,भागवत राम, व अन्य सक्रिय रहे।

### ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सीईओ ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



राजपुर। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों का रायपुर से आए वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला बलरामपुर के परियोजना क्रियान्वयन इकाई-राजपुर अंतर्गत विकासखंड राजपुर की दो महत्वपूर्ण सड़कों का भौतिक सत्यापन किया गया। इनमें ककना–अखोरा खुर्द मार्ग से कटई टिकरा तक 1.21 किलोमीटर तथा अमड़ीपारा से टूकू तक 1.94 किलोमीटर लंबी सड़क शामिल है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने दोनों सड़कों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चौड़ाई, सतह की फिनिशिंग एवं निर्माण में उपयोग की गई सामग्री का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने पाया कि दोनों सड़कों का निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है, जिस पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद भी किया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के बाद अपने दैनिक जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले जहां आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब सड़क बनने से गांव का संपर्क मुख्य मार्गों से बेहतर हो गया है। बच्चों को स्कूल जाने में सुविधा मिल रही है, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है तथा बाजार एवं रोजगार से जुड़ाव भी मजबूत हुआ है।

## गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर उपयंत्री निलंबित

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह एवं पीआरडी के प्रमुख अभियंता केके कटारे ने गुणवत्ताहीन पीएम जनमन सड़क के निर्माण पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने लापरवाही पर संबंधित उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के साथ ही ठेकेदार को पूरी सड़क का बीटी सरफेस दोबारा निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं।

ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह एवं प्रमुख अभियंता केके कटारे बलरामपुर-रामानुजगंज जिला में निर्माणाधीन पीएम जनमन सड़कों के दो दिवसीय निरीक्षण दौरे पर मंगलवार को पहुंचे थे। अधिकारियों ने जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह के साथ जिलेभर में निर्माणाधीन विभिन्न 6 सड़कों के गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने सड़कों को खुदवाकर गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने पस्ता – चिलम



खुर्द पीएमजीसवाय सड़क से बासीमुड़ा तक निर्मित डामरकृत पीएम जनमन सड़क की जांच की तो भारी गड़बड़ी मिली। इस दौरान सड़क के गुणवत्ताहीन बीटी कार्य पर अधिकारियों ने जमकर नाराजगी जताई। अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह ने सड़क निर्माण में निर्धारित मापदण्डों की अवहेलना करने वाले उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने एवं ठेकेदार को पूरी डामरकृत सड़क का बीटी कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुसार दोबारा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित गांवों के पहाड़ी कोरवा परिवारों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना एवं सड़क बनने के बाद जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली।

## नाला में लाखों की राशि से बन रहे स्टॉप डैम का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी, पाया मानक के अनुरूप कार्य



हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

जिले के बतौली विकासखंड अंतर्गत जोकी नाला पर मुक्तिधाम के समीप पूर्व में बने विधायक विकास निधि से 19 लाख की डेम तथा वर्तमान में मनरेगा से बन रहे 19 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्टाफ डैम इन दिनों सुर्खियों में है। निर्माण कार्य को लेकर विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। जिस पर संबंधित विभागीय अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे स्टाफ डैम का निर्माण कार्य पूर्णतः शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं अनुशंसाओं के अनुरूप किया जा रहा है।

मौके पर उपस्थित किसानों ने बताया कि बीते लगभग 10 वर्षों से स्टाफ डैम की मांग कर रहे थे। वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा उनकी वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए इस स्टाफ डैम का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण एवं कृषि को लाभ मिलेगा। मौके पर उपस्थित मनरेगा विभाग की कार्यक्रम अधिकारी संतोषी पैकरा ने जानकारी दी कि इस स्टाफ डैम की स्वीकृति वर्ष 2023 में दी गई थी तथा वर्ष 2024 में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। लगातार बारिश एवं जलभराव की स्थिति के कारण कार्य में विलंब हुआ, जिसके बाद अब निर्माण कार्य पुनः शुरू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है तथा समस्त कार्य मनरेगा के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों से कराया जा रहा है।

इस संबंध में आरईएस के एसडीओ चंद्रभान कुमार ने बताया कि गेट मौके पर लगाए गए हैं। मुक्तिधाम के पास जल प्रवाह अत्यधिक होने के कारण पूर्व में मिट्टी से बंधा हुआ भाग बह गया था, किंतु डैम का मुख्य इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह सुरक्षित है।

## बेंगलुरु से सकुशल वापस लाई गई बालिका

**सूरजपुर।** कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बेंगलुरु स्थित एक संस्था में पिछले कई महीनों से रह रही बालिका को सकुशल वापस लाया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग शुभम बंसल द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार एक विशेष दल का गठन कर तत्काल बेंगलुरु रवाना होने के निर्देश दिए गए। गठित दल में संरक्षण अधिकारी एवं चाइल्ड लाइन सुपरवाइजर शामिल थे, जो बालिका के पिता के साथ 24 जनवरी को बेंगलुरु के लिए रवाना हुए। दल 26 जनवरी की दोपहर 3 बजे बेंगलुरु पहुंचा, जहां सीधे बालिका गृह जाकर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया गया। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसी दिन शाम 5 बजे बालिका को दल द्वारा अपने संरक्षण में लिया गया। 31 जनवरी को बालिका को सुरक्षित सूरजपुर लाकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कर बालिका को उसके माता-पिता के संरक्षण में सौंप दिया गया।

## होली से पहले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर रहेगी प्रशासन की नजर

**रामानुजगंज।** जिले में होली का पर्व नजदीक आते ही मिठाइयों, नमकीन और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग में तेजी देखी जा रही है। त्योहार के दौरान लोगों की सेहत से किसी भी तरह का समझौता न हो, इसे लेकर जिला प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। खासकर खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए फूड सेफ्टी विभाग द्वारा विशेष निगरानी और जांच अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

फूड सेफ्टी विभाग के जिलाधिकारी प्रशांत तिवारी ने बताया कि होली पर्व से पहले जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई दुकानों और अस्थायी विक्रय स्थलों की जांच की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही सामग्री की बिक्री सुनिश्चित की जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि आमजन को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, ताकि होली का पर्व बिना किसी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के उल्लास पूर्वक मनाया जा सके। फूड सेफ्टी



विभाग की टीम द्वारा नमूनों की जांच और निगरानी के माध्यम से खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से कहा है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता पर ध्यान दें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर संबंधित विभाग को सूचित करें।



# जापान के सिनेमाघरों में जल्द रिलीज होगी एनिमल

**मुंबई।** पिछले दिनों अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' जापानी भाषा में रिलीज हुई थी। अब रणबीर कपूर की 'एनिमल' भी जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जापान के दर्शकों के बीच बॉलीवुड फिल्मों का क्रेज बढ़ता जा रहा है। वहीं, फिल्म मेकर्स भी इसमें फायदा देखते हुए अपनी फिल्मों को वहां के सिनेमाघरों में उतारने की कोशिश में लगे हैं। कुछ समय पहले ही पुष्पा 'कुनरिन' रिलीज हुई है, और अब 'एनिमल' भी रिलीज होने वाली है। इसी मौके पर रणबीर कपूर ने अपने दादा राज कपूर के जापानी लोगों के साथ लगाव पर बात की। संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म 'एनिमल' 13 फरवरी को जापान में रिलीज होने जा रही है। वहीं, फिल्म की रिलीज से पहले इसका एक स्पेशल शो रखा गया। इसी मौके पर रणबीर कपूर ने दर्शकों को शुक्रिया कहा। यह भी बताया कि उनका जापानी लोगों के साथ एक खास रिश्ता है।

## लाइफ Style



# राशा

# डेब्यू गाना शिव को किया समर्पित

पिछले साल फिल्म 'आजाद'से रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब वह फिल्म 'लईकी लईका'में नजर आएंगी। यह राशा की बॉलीवुड में दूसरी फिल्म होगी। इस फिल्म के साथ राशा ने सिंगिंग में भी डेब्यू किया है। राशा थडानी ने अपनी आने वाली फिल्म 'लईकी लईका' के गाने 'छाप तिलक'से सिंगिंग में भी डेब्यू किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस फिल्म में उनके साथ अभय वर्मा भी हैं। राशा ने हाल ही में सिंगिंग करने से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस एक इंटरव्यू में साझा किया है। उन्हें इसे सपने के सच होने जैसा बताया। एक इंटरव्यू में राशा थडानी बताती हैं कि उन्होंने बचपन से ही म्यूजिक में ट्रेनिंग ली है। वह कहती हैं, 'मैं जब 5 साल की थी, जब मैंने उस्ताद कादिर मुस्तफा खान से हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक सीखना शुरू किया। इसके अलावा मैंने जैज म्यूजिक भी सीखा है। म्यूजिक मेरे लिए एक तरह का सुकून है। जब मैं रियाज करती हूं, तो वो एक घंटा सिर्फ मेरा होता है। मैं हमेशा से गाना चाहती थी, यही मेरा पैशन रहा है। लेकिन मैं पूरी तरह एक शॉवर सिंगर हूं। आज मुझे म्यूजिक इंडस्ट्री में कदम रखने का मौका मिला है, इसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं।' राशा थडानी ने फिल्म 'लईकी लईका' में जो गाना गया है, उसके बारे में जानकारी साझा की है। इस गाने को भगवान शिव को समर्पित किया है। वह कहती हैं, 'मैंने 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा की है। मेरे लिए भगवान शिव सिर्फ एक भगवान नहीं, जिंदगी का हिस्सा हैं। वो हर दिन मेरे साथ रहते हैं। इस गाने में जब डमरू की बात होती है, तो मुझे नटराज का नृत्य याद आता है। भगवान शिव कला और नृत्य के देवता हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 16 साल की उम्र से म्यूजिक बनाना किया शुरू

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर' में इंटरनेशनल रैपर फ्लिपराची ने '**FA9LA**' गाने तहलका मचा दिया था। अब 'धुरंधर 2' में एक और इंटरनेशनल सिंगर का गाना फैंस को सुनने को मिलेगा। इस सिंगर का नाम डोजा कैट है? फिल्म 'धुरंधर 2' का टीजर दो दिन पहले रिलीज हुआ। इस टीजर को देखते हुए फैंस का ध्यान इस बात पर गया कि आखिर में डोजा कैट का गाना 'आह मैन बजता है। इस बात को मेकर्स ने भी टीजर के साथ कंफर्म किया है कि फिल्म में उनका यह गाना इस्तेमाल किया गया है। आज डोजा कैट अमेरिका की पॉपुलर सिंगर, सॉन्ग राइटर, रैपर हैं। उनका असली नाम अमाला रत्ना जैंडिले डलामिनी है। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में जन्मी ( (21 अक्टूबर 1995) डोजा कैट ने 16 साल की उम्र से म्यूजिक बनाना शुरू किया। आज वह सबसे चर्चित पॉप स्टार के तौर पर मशहूर हैं। साल 2023 में उन्हें टाइम मैगजीन के सबसे पॉपुलर लोगों की लिस्ट में शामिल किया गया था।




# ड्रग लॉर्ड पाब्लो अकोस्टा के रूप में मिली प्रसिद्धि

लॉस एंजिल्स। प्रसिद्ध मैक्सिकन अभिनेता और डांसर गेरार्डो तरासेना का 55 साल की उम्र में निधन हो गया। वह फिल्म 'एपोकैलिप्टो' में अपनी भूमिका के लिए बहुत प्रसिद्ध थे। उनका कॅरियर 30 साल से ज्यादा लंबा रहा। गेरार्डो तरासेना का जन्म 1970 में मैक्सिको सिटी में हुआ था। सिनेमा में जाने से पहले उन्होंने एक डांसर और थिएटर अभिनेता के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया। गेरार्डो तरासेना ने मैन ऑन फायर, द मैक्सिकन और नेटफ्लिक्स की सीरीज नार्कोसः मैक्सिको जैसी कई बड़ी फिल्मों और सीरीज में काम किया। गेरार्डो को खासतौर पर नेटफ्लिक्स सीरीज 'नार्कोसः मैक्सिको' में ड्रग लॉर्ड पाब्लो अकोस्टा के रूप में काफी प्रसिद्धि मिली।



# पर्दे पर हाउसवाइफ का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** आलिया भट्ट बीते कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आईं हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'जिगरा'थी, जो अक्टूबर 2024 में रिलीज हुई थी। पूरे 2025 में आलिया की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। इस बीच अब आलिया भट्ट की आगामी फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट आगामी फिल्म 'हाउसवाइफ'में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक करेंगे, जिन्होंने इससे पहले 'दृश्यम 2' जैसी हिट फिल्म बनाई थी। अगर आलिया इस फिल्म में काम करती हैं, तो वे एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाएंगी। कहानी घर-परिवार से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगी। यह पहली बार होगा जब आलिया इस तरह के किरदार में नजर आएंगी।




# बच्चों को स्क्रीन नहीं हमारा साथ चाहिए

**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद अक्सर सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। हाल ही में उन्होंने बच्चों के ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल पर भी चिंता जताई है। सोनू ने इसको लेकर एक पोस्ट साझा किया है। बाद में उन्होंने एक वीडियो के जरिए भी इस मामले पर अपनी राय रखी है। उनका यह पोस्ट 12, 14 और 16 साल की तीन लड़कियों की अपने बिल्डिंग की नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की खबर के बाद आया है। सोनू सूद ने घटना को लेकर एक्स पर अपना एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में सोनू सूद ने माता-पिता से बच्चों के लिए भावनात्मक रूप से उपलब्ध रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'उन्हें स्क्रीन नहीं, हमारा साथ चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया की दुनिया में हम बच्चों को इतना आगे छोड़ आए हैं कि हमें उनकी चुप्पी सुनाई नहीं देती।

## टीवी मसाला





# नागिन 7 और तारक मेहता का उल्टा चश्मा को तगड़ा झटका

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते के टीवी शोज की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है। इसमें सबसे तगड़ा झटका 'नागिन 7' को लगा है, जो पिछले कुछ हफ्तों से राज कर रहा था। वह नंबर वन पोजिशन पर था। इसी तरह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को भी जोर का झटका लगा है। शो में पोपटलाल की शादी होने वाली थी, जिसे लेकर दर्शकों के बीच काफी क्रेज देखा जा रहा था। लेकिन, पोपटलाल की शादी नहीं हुई तो टीआरपी लुढ़क गई। दर्शकों को यह ट्रैक पसंद नहीं आया। वैसे इस हफ्ते में दो नए शोज की टीआरपी लिस्ट में एंट्री हुई है। ये हैं- डॉ. आरंभी और अक्षय कुमार का 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून'। चौथे हफ्ते में टॉप-10 शोज कौन से हैं और उनकी टीआरपी कितनी है, यहां बता रहे हैं। चौथे हफ्ते में पहले नंबर पर स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है और इसकी रुपाली गांगुली के शो 'अनुपमा' के साथ कड़ी टक्कर देखने को मिली है। जहां 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस बार 2.2 की रेटिंग के साथ पहले नंबर पर है, वहीं 'अनुपमा' इससे जरा सा पीछे है, पर रेटिंग 2.2 ही है। दोनों शोज की व्यूअरशिप में नाममात्र का अंतर है। वहीं, पिछले हफ्ते 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर था, लेकिन दर्शकों को इस बार परी के तलाक का ट्रैक और तुलसी का शांति निकेतन लौटना दर्शकों को पसंद आया है। दर्शकों का इंट्रेस्ट इसके आगे आने वाले प्लॉट के कारण भी बना हुआ है कि क्योंकि आने वाले एपिसोड्स में अब तुलसी के मर्डर की साजिश रजी जाएगी।

## करण ने छोड़ा द 50! खुद किया ऐलान

**नई दिल्ली।** कलर्स का रियलिटी शो 'द 50' शुरू होने के बाद से ही लोगों को पसंद आ रहा है। इसमें हर रोज लड़ाई-झगड़े हो ही रहे हैं। अब शो में आए नए ट्विस्ट के बाद दो कंटेस्टेंट्स एलिमिनेट हो गए हैं। वहीं, करण



पटेल को लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने शो छोड़ दिया है। शो की शुरुआत से ही विवाद चल रहा है। 'करण को पहले दिन से ही बाकी के कंटेस्टेंट्स से काफी दिक्कतें थीं। उन्होंने बिग बॉस के दो लोगों, रजत दलाल और दिग्विजय राठी के बीच हुई हाथापाई की घटना पर भी आपत्ति जताई, जब एक मामूली बात पर रजत दलाल ने राठी पर हमला कर दिया था। इसी दौरान करण को यह कहते हुए सुना गया, 'इससे मेरी मानसिक शांति भंग हो रही है और मैं ऐसी जगह नहीं रह सकता जहां हिंसा भड़कती हो।' उन्होंने तुरंत कहा, 'मैं शो छोड़ रहा हूं,' और तब से उनके बाहर आने की खबरें जोरों पर हैं। शो में इस तरह का ड्रामा कोई नई बात नहीं है। इससे पहले, टीम कैप्टन के तौर पर करण, बाकी कप्तानों के साथ, पहले एलिमिनेशन में भी शामिल थे।

# मिर्जापुर द मूवी की रिलीज डेट घोषित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मिर्जापुरः द मूवी'को फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। गुरुवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी। मेकर्स ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें रेत पर कई गाड़ियां दौड़ रही हैं और पीछे एक बड़ी सी कुर्सी एक कार में बंधी है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट घोषित करते हुए कैप्शन में लिखा, अब देखिए भौकाल बड़े पर्दे पर। 'मिर्जापुरः द मूवी'4 सितंबर को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।'मिर्जापुर'की शुरुआत साल 2018 में एक वेब सीरीज के तौर पर हुई थी। इस क्राइम-थ्रिलर के पहले सीजन को काफी पसंद किया गया था।




## मुन्ना भइया घर-घर में हो गए मशहूर

फिल्म के एक-एक सीन से लेकर इसके डायलॉग तक काफी मशहूर हुए थे। देखते-देखते सीरीज के प्रमुख किरदार कालीन भइया (पंकज त्रिपाठी), गुड्डू पंडित (अली फजल) और मुन्ना भइया (दिव्येंदु शर्मा) घर-घर में काफी मशहूर हो गए। सीरीज की लोकप्रियता को भुनाते हुए मेकर्स साल 2020 में 'मिर्जापुर'का दूसरा सीजन लेकर आए। इस सीजन को भी पसंद किया गया और कहानी में कई नए मोड़ जोड़े गए। इसके लगभग चार साल बाद साल 2024 में मेकर्स 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन लेकर आए। हालांकि, इस बार कहानी दर्शकों को उतना प्रभावित नहीं कर पाई और सीरीज कोई खास चर्चा नहीं बटोर सकी। लेकिन अब मेकर्स मिर्जापुर की कहानी को बड़े पर्दे पर ला रहे हैं। ऐसे में दर्शकों का उत्साह इसे देखने के लिए चरम पर है।

# धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ही कमा डाले करोड़ों

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट 2 ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है। इस फिल्म ने अपनी ही पहली फिल्म का एक रिकॉर्ड भी ब्रेक किया है। धुरंधर पार्ट 2 के ओटीटी राइट्स पार्ट 1 से काफी ज्यादा महंगे बिके हैं। रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन फिल्म ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है। रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट ने ओटीटी राइट्स में तगड़ी कमाई की है। हालांकि, धुरंधर पार्ट 2 के ओटीटी राइट्स में एक शिफ्ट हुआ है। धुरंधर पार्ट 1 की तरह धुरंधर 2 नेटफ्लिक्स पर रिलीज नहीं होगी।




## स्ट्रीमिंग राइट्स के मामले में पहले पार्ट को पीछे छोड़ा

रिपोर्ट की मानें तो धुरंधर पार्ट 2 के स्ट्रीमिंग राइट्स जियो हॉटस्टार ने लिए हैं। स्ट्रीमिंग राइट्स के मामले में धुरंधर पार्ट 2 ने पहले पार्ट को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे पार्ट ने लगभग पहले पार्ट के मुकाबले दोगुना कमाई की है। धुरंधर 2ः द रिवेंज की स्ट्रीमिंग राइट्स 150 करोड़ में बेचे गए हैं, जिससे यह हाल के समय के सबसे बड़े ओटीटी सौदों में से एक बन गया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने दोनों फिल्मों की रिलीज से पहले ही 175 करोड़ में स्ट्रीमिंग राइट्स खरीदने की बात कही थी। हालांकि, जियो स्टूडियोज ने इंतजार करना सही समझा। पहले पार्ट के डिजिटल राइट्स 85 करोड़ में बेचे गए। वहीं, धुरंधर पार्ट 2 के राइट्स 150 करोड़ में बिके हैं। धुरंधर की बात करें तो इस फिल्म को आदित्य धर ने लिखा और डायरेक्ट किया है। अब फैंस को फिल्म के पार्ट 2 का इंतजार है। पार्ट 2 में यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं। धुरंधर पार्ट 2 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। धुरंधर 2 का साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक से क्लैश होगा। टॉक्सिक भी 19 मार्च को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## धर्मेंद्र को छेड़ने वाले वीडियो पर कहा- मैं भी इसका हिस्सा रही

# जीनत अमान ने दिखाया बॉलीवुड का डार्क साइड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गुजरे जमाने की मशहूर एक्ट्रेस जीनत अमान इन दिनों सोशल मीडिया पर अक्सर फैन्स से रूबरू होती हैं। वो अपनी पुरानी फिल्मों के सीन, किस्से-कहानियां अपने फैन्स और नए जमाने के दर्शकों से सोशल मीडिया पर शेयर किया करती हैं। जीनत फैंस से हिंदी सिनेमा में आए बदलावों पर भी बात किया करती हैं। ऐसा ही एक किस्सा उन्होंने अब सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसमें धर्मेंद्र के साथ अपनी फिल्म का वीडियो क्लिप शेयर किया है। जीनत ने इंस्टाग्राम पर 1970 के दशक की फिल्म 'तीसरी आंख' का एक खास सीन पोस्ट किया, जिसमें उनका किरदार बरखा काफी आक्रामक और शरारती अंदाज में धर्मेंद्र के किरदार अशोक का पीछा करती दिखती है।

### शेयर किया धर्मेंद्र के साथ वीडियो

एक्ट्रेस ने पोस्ट कर लिखा, 'पुरानी फिल्मों में सीन दोबारा देखना हमेशा एक अनोखा और मजेदार अनुभव होता है। कभी पता नहीं चलता है कि कौन सा सीन दिल को छू लेगा या फिर सोचने पर मजबूर कर देगा।'

### मैंने इस बेतुकी धारणा को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई

उन्होंने कहा, 'हमारी कई फिल्में सच्चे और रियल लव को पेश करने की बजाय जुनून और दीवानगी को दिखाती है। मैं ये भी मानती हूं कि मैंने भी बॉलीवुड द्वारा भारतीयों में फैलाई गई रोमांस की इस बेतुकी धारणा को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है। इसलिए यह मेरी एक छोटी सी कोशिश है। मैं क्लियर कर देना चाहती हूं कि रिश्तों में सहमति जरूरी है और सम्मान दोनों तरफ से होना चाहिए। यकीन मानिए, मैंने यह बात बहुत मुश्किल से सीखी है।'



### 'दो सालों में हिंदी सिनेमा में हीरोइनों की भूमिका इतनी तेजी से बदल गई?'

जीनत अमान ने आगे लिखा, 'कुछ हफ्ते पहले आपने फिल्म दोस्ताना के एक क्लिप में अमिताभ बच्चन का किरदार इंस्पेक्टर विजय को मुझे छेड़ते देखा। अब इस वीक तीसरी आंख के सीन में आप देखेंगे कि धरम जी को मैं छेड़ रही हूं।' इसी के साथ जीनत ने सवाल किया है कि क्या सिर्फ दो सालों में हिंदी सिनेमा में हीरोइनों की भूमिका इतनी तेजी से बदल गई? कुछ हफ्ते पहले आपने फिल्म दोस्ताना के एक क्लिप में अमिताभ बच्चन का किरदार इंस्पेक्टर विजय तो मुझे छेड़ते देखा। अब इस वीक तीसरी आंख के सीन में आप देख रहे हैं कि धरम जी को मैं छेड़ रही हूं। क्या सिर्फ दो सालों में हिंदी सिनेमा में हीरोइनों की भूमिका इतनी तेजी से बदल गई?

### अशोक भोला-भाला और दबाव में रहने वाला किरदार

उन्होंने लिखा, 'क्या वाकई उन दो फिल्मों के बीच बीते दो सालों में हिंदी सिनेमा की हीरोइनों के लिए हालात इतने बदल गए? यह कहना मुश्किल है, लेकिन मुझे लगता है कि यह सीन आम धारणा को एक दिलचस्प मोड़ देता है। यहां धरमजी का अशोक भोला-भाला और दबाव में रहने वाला है, जबकि मेरा किरदार बरखा चंचल और एकदम बेबाक है। वह अग्रेसिव होकर उसका पीछा करती है, जबकि एक्टर का किरदार को वो पसंद नहीं और चिड़चिड़ा दिखता है।'

### इंस्पेक्टर विजय के नजरिए का सपोर्ट नहीं कर सकती थी

उन्होंने आगे कहा है, 'मुझे लगता है कि इस दृश्य मजेदार होने और किसी को गुस्सा दिलाने की वजह से ट्रडिशनल रोल से उलट है। सच तो ये है कि मैं बरखा के अप्रोच को सपोर्ट नहीं कर सकती, ठीक वैसे ही जैसे मैं इंस्पेक्टर विजय के नजरिए का सपोर्ट नहीं कर सकती थी। हंसी-मजाक और शरारत प्यार के बेहतरीन तरीके हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हमारी फिल्म इंडस्ट्री ने कभी-कभी इन्हें हद से ज्यादा बढ़ा दिया।'

## खबर संक्षेप



### सनसाइन अंग्रेजी स्कूल में वार्षिक उत्सव

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर विधानसभा के मालखरौदा से लगे हुए भांटा गांव में सनसाइन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में रूपा सिंह देव जिलामंत्री भाजपा सक्ति एवं विशिष्ट अतिथि में कवि वर्मा जनपद अध्यक्ष मालखरौदा, पूर्णिमा चन्द्र प्रकाश जिला सदस्य, योगेश राठौर भांटा मंडी अध्यक्ष सरला राउत राय भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी मुख्य अतिथियों ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रयासों की प्रशंसा की। उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, गीत, नाटक एवं समूह नृत्य जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर सभी ने उनकी सराहना की। वार्षिक उत्सव विद्यालय परिवार के लिए एक यादगार आयोजन साबित हुआ।

### किराए के मकान से युवक का शव बरामद

**बोनाई।** मंगलवार को बोनाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवगांव के पास एक किराए के मकान से 25 वर्षीय युवक का शव बरामद किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच चिंता और तरह तरह की चर्चाएँ शुरू हो गईं। मृतक की पहचान बोनाईकला गांव निवासी जतिन मणि हीरा 25 के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार जतिन बोनाई में रहकर कोचिंग की पढ़ाई कर रहा था और वह किराए के मकान में अकेले रहता था। स्थानीय लोगों के मुताबिक पूरे दिन दरवाजा नहीं खुलने पर संदेह उत्पन्न हुआ। जब देखा गया कि मकान अंदर से बंद है, तो पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बोनाई पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विद्युत प्रणाली में चिंगारी लगने से मचा हड़कंप

**राउरकेला।** हावड़ा राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस को बुधवार को बीच रास्ते में रद्द कर दिया गया, जब टुनिया स्टेशन के पास ट्रेन की विद्युत प्रणाली में चिंगारी देखी गई। इस घटना से सुरक्षा को लेकर चिंता उत्पन्न हो गई, जिसके बाद रेलवे अधिकारियों ने तुरंत एहतियाती कदम उठाए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हावड़ा से राउरकेला जा रही इस सेमी हाईस्पीड ट्रेन के इलेक्ट्रिकल हॉट एक्सल पैनल में चिंगारी नजर आई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन को तुरंत टुनिया स्टेशन पर रोका गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर शीघ्र ही काबू पा लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ट्रेन की तकनीकी जांच के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की आगे की यात्रा रद्द करने का निर्णय लिया गया।

### रनभांठा में 366 ग्रामीणों ने सिखा योगा

**रायगढ़।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुनगा के तत्वावधान में पांच दिवसीय योग रनभांठा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर प्रभारी डॉ. अजय नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि योग शिविर में बीपी, शुगर, जोड़ो के दर्द, मोटापा, गैस आदि रोगों से संबंधित विशेष योगाभ्यास कराए गए। शिविर के दौरान अनुलोम विलोम, प्राणायाम, कपालभाति, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, तिर्यक आसन, मकर आसन सहित विभिन्न योगासन सिखा, गए, जिससे आमजन को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ मिल सके। योग प्रशिक्षक दुलमनी रजक द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया।

### शास राम भजन राय एनईएस कॉलेज में सीएसपीडीसीएल ने किया आयोजन

# ऊर्जा के प्रति जागरूकता लाने अंतर विद्यालयीन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी (सीएस पीडीसीएल) द्वारा युवाओं को ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय राम भजन राय एनईएस कॉलेज, जशपुरनगर में एक भव्य अंतर-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका के अध्यक्ष अरविंद भगत एवं उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर विद्युत विभाग (सीएसपीडीसीएल) के आला अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों का मार्गदर्शन किया। उपस्थित अधिकारियों में शामिल सत्य प्रकाश कुमार, अधीक्षण अभियंता, विनोद कुमार पंडित, कार्यकारी अभियंता, लुकमान खान, सहायक अभियंता, साथ ही कनिष्ठ अभियंतागण दिनेश त्रिपाठी, अविनाश एक्का और एलविन टोप्पो रहे।



### रचनात्मक प्रतियोगिताओं से दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने ऊर्जा संरक्षण और अक्षय ऊर्जा जैसे गंभीर विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ₹बिजली बचाओ, भविष्य बचाओ₹ का संदेश दियासाथ ही बौद्धिक प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, भाषण और क्विजप्रतियोगिता के साथ हीरचनात्मक गतिविधियां चित्रकला,पोस्टर निर्माण और नारा-लेखन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां में नुक्कड़ नाटक के जरिए बिजली की बर्बादी रोकने की अपील की गई।



### जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा

नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत और उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव ने अपने संबोधन में कहा कि विद्युत ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है और इसका विवेकपूर्ण उपयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है।साथ ही सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों ने तकनीकी पहलुओं को साझा करते हुए अक्षय ऊर्जा को भविष्य की जरूरत बताया। प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए सीएसपीडीसीएल और आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन ऊर्जा संरक्षण की शपथ के साथ हुआ, जिससे छात्रों में एक नई जागरूकता देखने को मिली।



# ग्रुप कैप्टन शुभ्रांशु ने की जशक्राफ्ट की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

देश के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री एवं भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभ्रांशु शुक्ला का 4 फरवरी को जशपुर जिले के अंतर्गत होम-स्टे ग्राम केरे तथा प्रमुख पर्यटन स्थल देशदेखा में प्रवास संपन्न हुआ।

श्री शुक्ला ने वनमण्डल जशपुर द्वारा प्रायोजित देशदेखा क्लाइम्बिंग कम्पनी के सदस्यों से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को साहसिक खेलों एवं पर्वतारोहण के क्षेत्र में आगे बढ़ने, सुरक्षित एवं अनुशासित ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जशपुर जैसे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण क्षेत्रों में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के दौरान वनमण्डलाधिकारी जशपुर शशि कुमार भा.व.से. द्वारा शुभांशु शुक्ला को जशपुर जिले की महिलाओं द्वारा बांस एवं छिंद घास से निर्मित जशक्राफ्ट के पारंपरिक आभूषण भेंट किए गए। श्री शुक्ला ने जश्क्राफ्ट उत्पादों की उच्च गुणवत्ता, कलात्मकता एवं नवाचार की प्रशंसा की तथा इस पहल को स्थानीय आजीविका सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने जश्क्राफ्ट से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने एवं व्यापक स्तर पर पहचान दिलाने हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं तथा देशदेखा क्लाइम्बिंग कम्पनी के सदस्य उपस्थित रहे।

# लोन स्वीकृति में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, लक्ष्य हासिल करें बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित ऋण प्रकरणों एवं उनके निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने ऋण स्वीकृति एवं वितरण में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंकर्स से कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना बैंकों की जिम्मेदारी है और इसमें कोताही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश**

बैठक में साख.जमा अनुपात, कमजोर वर्गों को ऋण स्वीकृति, महिलाओं, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए बैंकिंग सुविधाओं की समीक्षा की गई। कृषि एवं कृषि आधारित गतिविधियों के साथ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रगति पर विशेष फोकस किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी उद्यमिता, मत्स्य पालन, बागवानी, पीएम मुद्रा योजना, स्व.सहायता समूहों के बैंक लिंकेज तथा सामाजिक सुरक्षा यो ज ना ओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही निष्क्रिय खातों की सक्रियता एवं डेफ खातों के एक्टिवेशन की स्थिति पर भी चर्चा की गई।जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने वार्षिक साख योजना, वित्तीय साक्षरता केंद्रों की प्रगति, फसल बीमा, कृषि मियादी ऋण, कुल कृषि ऋण, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि की जानकारी ली और कम प्रगति वाले बैंकों को आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति के एजेंडा पर भी चर्चा की गई। इस दौरान आरबीआई के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि 9 13 फरवरी तक सुरक्षित बैंकिंग की विषय पर वित्तीय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## सराईपाली संकुल में प्रियंका ने दिया मोटिवेशनल स्पीच

**कटेली।** शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ प्रधान पाठक राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी सराईपाली संकुल में पहुंची। संकुल अंतर्गत संचालित विभिन्न विद्यालयों में मोटिवेशनल स्पीच देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया, प्रियंका द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने एवम प्रेरित करने हेतु निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया, प्रियंका ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक आदर्श शिक्षक सदैव प्रेरित करता है। इनके ओजस्वी शब्दों से एक होनहार बालिका भावुक हो उठी और पुनः आने का आग्रह किया, गोस्वामी ज़मीनी तौर से बच्चों से जुड़ी शिक्षिका हैं, जो बाल मन के हृदय में निवास करती हैं।

# सरिया में पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरिया

1 से 5 फरवरी तक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सरिया के योग प्रशिक्षिका यज्ञसेनी प्रधान द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर ग्राम बरपाली के राम मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ।

शिविर का शुभारम्भ सरपंच जगन्नाथ पटेल, सेवानिवृत्त शिक्षक गिरधर लाल पटेल एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा विधिवत भगवान सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं फल फोड़कर फोड़कर किया गया। इस योग प्रशिक्षण शिविर में मुख्यतः सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, सिंहासन, वज्रासन, मंडूकासन, उतान पादासन, हलासन, तिर्यक



कोण आसन इत्यादि आसनों के साथ भस्त्रिका, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, कपाल भाती, उदगीथ, जैसे प्राणायाम एवं उनके उपयोगों की जानकारी दी गई। प्रतिदिन लोगों के विभिन्न प्रकार के रोगोंका निदान एवं सलाह योग द्वारा किया गया। शिविर का समापन सरपंच जगन्नाथ पटेल द्वारा योग प्रशिक्षिका यज्ञसेनी प्रधान को शाल एवं श्रीफल देकर किया गया, इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक गिरधर लाल पटेलए व्याख्याता सुदर्शन पटेल, गणमान्य वेद प्रकाश चौहान, हरिकिशन पटेल नारद चौहान, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## लोइंग में क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन

**लोईंग।** पूर्वांचल के ग्राम पंचायत लोइंग में 1 फरवरी से रोजाना तीन टीम का मैच चल रहा है। फरवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा । इस मैच के विजेता को 51 और सेकंड विजेता को 31 हजार दिया जाएगा। बेस्ट बेट्समेंन को 3100 तथा बेस्ट बॉलर को इकतीस सौ दिया जाएगा। 5 फरवरी को बबलू इलेवन और फ्रेस इलेवन के बीच मैच खेला गया। टास बबलू इलेवन ने जीतकर पहले बैटिंग करने के लिए मैदान में उतरा और सात विकेट खो कर 102 बनाकर टारगेट दिया 103 रन का। फ्रेस इलेवन 103 रन का पीछा करने के लिए दल बल लेकर मैदान पर उतरा और जीत हासिल करने के



लिए अच्छी रणनीति अपनाते हुए अपना जीत हासिल करने के लिए 4 विकेट गवाकर 3 बाल शेष रहते हुए मैच फ्रेस इलेवन ने 103 का टारगेट पूरा कर लिया।

## सीएसपीडीसीएल ने किया डॉ.मनीषा को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

सीपीडीसी एल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 04 फरवरी को मेरिज गार्डन बोईरदादर में शहर के प्रथम नागरिक जीवर्धन चौहान महापौर, डिग्री लाल साहू सभापति, पूर्व पार्षद कौशलेश मिश्रा, क्षेत्रीय पार्षद महेश शुक्ला, विद्युत विभाग अधिकारी



प्रमुख गुंजन शर्मा की उपस्थिति में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉ.मनीषा त्रिपाठी, प्रधान पाठक, शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ को घरेलू उपभोक्ता के रूप में विगत दो वर्षों में नियमित बिना बकाया राशि विद्युत देयक का भुगतान कर सजग उपभोक्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# सागर पब्लिक स्कूल में सुर संध्या थीम पर हुआ वार्षिकोत्सव

**बिलाईगढ़।** सागर पब्लिक स्कूल बिलाईगढ़ में गुरुवार को सुर संध्या थीम पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक गरिमा से भर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे रहीं। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. ओएन जायसवाल डॉ. एमडी जायसवाल डायरेक्टर दक्ष हॉस्पिटल बिलाईगढ़ आरके अग्रवाल, संरक्षक व्यापारी संघ बिलाईगढ़, लकेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़, आशीष भट्ट अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रेरणास्त्रोत संरक्षक रामसागर डनसेना एवं श्रीमती लक्ष्मीन डनसेना, विद्यालय संचालक दीपक डनसेना, प्राचार्य प्रकाश डनसेना, पार्षद उमाशंकर देवांगन, सुभाष डनसेना तथा पत्रकारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा से



संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। देशभक्ति गीत, रामायण एवं महाभारत आधारित नृत्य नाट्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, आज़ादी के महत्व पर आधारित नृत्य, नाटक, साउथ इंडियन, संबलपुरी एवं पंजाबी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा वर्ष 2016-17 के पास आउट छात्र डॉ. राजकुमार साहू वर्तमान में जिला कोरबा में पदस्थ मिथिलेश लहरे विधायक बिलाईगढ़ के पीआरओ एवं प्रदीप देवांगन को सम्मानित किया गया जो इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर आज विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा कु. चंद्रलता यादव को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2025 तथा नूतन अमलीवर को स्टूडेंट ऑफ स्कूल सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओएन जायसवाल एवं डॉ. एमडी जायसवाल, डायरेक्टर दक्ष हॉस्पिटल बिलाईगढ़ द्वारा क्रमशः 3100 एवं 5100 रुपए नगद पुरस्कार की घोषणा की गई। विद्यालय परिवार द्वारा सभी 12वीं के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# चंद्रशेखर जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित

**चंद्रपुर।** जिया मां साहित्य मंच रक्तदान समूह बैंगलोर द्वारा नगर के समाजसेवी गौसेवक एवं रक्तदाता चंद्रशेखर मालवीय को वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित जीवन रक्षक सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें मानव सेवाएं नियमित रक्तदान तथा समाज हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। मानव सेवा के प्रति समर्पण की पहचान व सम्मान में जिया मां साहित्य मंच बैंगलोर के द्वारा चंद्रशेखर मालवीय ने निस्वार्थ भाव से रक्तदान कर अनेक जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके सेवा कार्यों ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया है और युवाओं को प्रेरित किया है। रक्तदान को बढ़ावा देने का



आह्वान कार्यक्रम में मालवीय ने बताया कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। सम्मान पत्र में क्या कहा गया है कि मानव सेवा के क्षेत्र में रक्तदान एवं समाज सेवा हेतु आपके सराहनीय योगदान के लिए आपको जीवन रक्षक सम्मान सादर प्रदान करते हुए जिया मां साहित्य मंच गौरवान्वित है। इस अवसर पर नगर के राजू केसरवानी, बिल्लू गुप्ता बजरंग साहू, रघु महाराज, लोकेश मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन ने मालवीय को बधाई दी।

